SHRI T.R. BAALU: Yes, I agree that animals should be slaughtered in humane fashion. We have got rules for this.

THE DEPUTY CHAIRMAN: A slaughter can just be a slaughter. I have not come across a sweet guillotine in my life. But, anyway, it is a good suggestion.

### History textbooks for class XII

*164. SHRI EDUARDO FALEIRO: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether the Central Board of Secondary Education recommended a list of history textbooks for class XII students of CBSE-affiliated schools;

(b) if so, whether the list includes textbooks entitled "Modern India" and "Contemporary World History" brought out by NCERT in April, 2003 and May, 2003 respectively;

(c) whether the CBSE got these textbooks evaluated before recommending them; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DR. MURLI MANOHAR JOSHI): (a) and (b) The Central Board of Secondary Education (CBSE) normally recommends the text books of NCERT for all subjects wherever the NCERT books are available.

(c) As the text books are evaluated by NCERT before publication, the CBSE does not evaluate them again.

(d) Does not arise.

SHRI EDUARDO FALEIRO: Madam, as per his reply, the CBSE has committed a gross breach of rules and procedure because the CBSE is expected—that is the procedure followed so far for decades—to evaluate the books before recommending them. It cannot recommend the books just because the NCERT has produced the books. They say that the books are good. You have to look at them, evaluate them and then recommend. They have committed a gross breach of rules and their duty. I raise this question because these books, which I have with me, and through which I have gone for myself personally, are: Modern India—textbook for Class XII; India in the World, textbook Social Science for Class VII; Contemporary World History for Class XII, are all

plagiarised. All their guilt is plagiarism. They have copied from the American textbook, World Civilization: Their History and Culture. I myself checked this. Madam, pages 20, 21, 24 and 25 of Class XII textbook—Contemporary World History-are exact copy of pages 159, 160 and 161 of Class VII. For Class XII, they copied from a book of Class VII—India in the World. I have so many other examples. I do not want to take the time of the House. I just wanted to give some examples here. I am prepared to go to the Minister and show the books to him. And, this includes the copy from the book of revered R.C. Mujumdaar, British Paramountcy and Indian Renaissance. This is copied here, in Modern India. Now, in this context, plagiarism is academic dishonesty; is a crime. If a student commits plagiarism, he is debarred. So, I would like to know from the hon. Minister what action the Government is going to take or has taken against the authors of this book and against the CBSE, which has grossly failed in its duty to evaluate these books....(*Interruptions*)...

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: Madam ...(*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let him complete. ...(*Interruptions*)...

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: I have also got the books ...(*Interruptions*)...Don't worry...(*Interruptions*)...I have got all the books ...(*Interruptions*)...I have got all the material...(*Interruptions*)...Don't shout...(*Interruptions*)...Please listen to me...(*Interruptions*)...Please, listen patiently...(*Interruptions*....I have also read the books...(*Interruptions*)...

SHRI RAJU PARMAR: Don't be angry, Mr. Minister ...(*Interruptions*)...

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: I have a right to reply...(*Interruptions*)... Please, listen to me...(*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: You have to listen to the reply...(*Interruptions*)...

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: Madam, I seek your protection ...(*Interruptions*)...

उपसभापति: देखिए, जब तक वह रेप्लायी नहीं करेंगे तब तक मालूम क्या होगा कि वह क्या कह रहे हैं। Let him reply...(*Interruptions*)...Don't scream in the House, please...(*Interruptions*)...

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: I have heard him very patiently. (*Interruptions*) This is their usual practice. I take a very strong view about

it. They had raised a question. I had heard it very patiently. Now, I am standing here to reply to that question. But without listening to the reply, they are agitating. What is this? This is not the way to conduct the business of the House. Madam. (*Interruptions*) That is why I take a very strong objection to it. (*Interruptions)* That is not the procedure. (*Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN: See, in the Question Hour, you put a question. Give him an opportunity to reply. (*Interruptions)*

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: I am replying. (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: You can put a supplementary. (*Interruptions)* बैठिए न, आप बार-बार अन-नेसेसरिली क्यों बोलते हैं? ...(व्यवधान)... बोलिए, जवाब दीजिए।

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: The point is, they say that the books have been plagiarised. These are not books on fiction or creativity. These are books on history. They narrate facts. Suppose, there is a fact that 'A' is the son of 'B', all books will write that 'A' is the son of 'B'. This is not plagiarism. It is a historical fact, which has been mentioned in several books. When authors write books for smaller classes, for lower classes, they consult various books. They gather facts from those books and mention them in their books. Now, I would like to give you an example, the type of thing they say. In the book 'The World Civilization', Volume-B, special Indian edition, 1991, on page 604, it has been mentioned, "Now man did more than Machiavelli to overturn all earlier views of the ethical basis of politics or to Tpioneer in the dispassionate direct observation of political life." This has been narrated in one book. This is all fact. There is no creativity or originality in it, which can be plagiarised. 'Plagiarisation' means that there is something creative, which has been picked up and used as my own. Now, Machiavelli did something, which is a known fact all over the world. Now, what does this book say? It says, "No man did more than Machiavelli to overturn all earlier views regarding the ethical foundations of real politics." Where is the plagiarism? 'Plagiarism' is used for the passages of ceativity, fiction, art, and the original things. These are not original things. All these things are mere facts. I can quote *ab initio,* whatever has been pointed out in all newspapers, by all these so-called intellectuals regarding plagiarism. I say that all of them are mere facts. The only thing that one

can say is that it should also have been mentioned that these facts are mentioned in other books also. *(Interruptions)* This is not plagiarism.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Reference could have been there. *(Interruptions)*

DR. MURLI MAHOHAR JOSHI: Yes, that is the maximum, which one can say. *(Interruptions)* This is not plagiarism. *(Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN: You can speak when your turn comes up. *(Interruptions)* I would call you. *(Interruptions)* Your name is with we. *(Interruptions)* Let him answer first. *(Interruptions)*

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: These things have been quoted like this. I have read hundreds of books. There are facts, which are facts. Say, Rama is the son of Dashratha, this has been written in hundreds of books. Now, if you say that 'Rama is the son of Dashratha', has been written by xyz and w, and this is a plagiarism from Tulsidas' Ramayana, then, it is a very narrow and a very motivated understanding of plagiarism. This is not plagiarism. Plagiarism comes into existence when something creative, something original has been picked up from somewhere. If somebody picks up a *Chopai* of Ramacharitramanas, and uses it as his own, without quoting it, certainly it is plagiarism. If somebody uses something of Rabindranath Tagore, and says, "It is written by me", it is plagiarism. But when a fact is mentioned, and that fact is mentioned universally, it is not plagiarism. There can be similarity of construction of sentences. It happens because a teacher has been teaching for 10 years, 15 years, 20 years, and he is prone to using a certain construction of sentences. He uses it while writing books also. So, it is not plagiarism. Plagiarism comes into existence if somebody has picked up a creative and original idea and has used it as his own. But to interpret such facts as 'plagiarism', is a very narrow interpretation of 'plagiarism', and is either a very motivated approach to plagiarism or is unfounded approach.

SHRI EDUARDO FALEIRO: The Minister's reply is actually a trully Machiavellian reply. It is a Machiavellian reply. Now, this plagiarism is not of facts; it is word by word, comma by comma, full stop by full stop, semi colon by semi colon. And, the Minister was kind enough to admit that the authors should have given the credit to the writers whom they are copying.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: There is no comma by comma, word by word, or page by page comment; nothing...*(Interruptions)*...

SHRI EDUARDO FALEIRO: I would request you, Madam Chairperson, that you should call me up. I will show it to you, and you may pull me up if it is not true for breach of privilege. It is comma by comma. Now, Madam, one of the critics of these new books, Prof. S.G. Narayanan, the Chairman of the ICHR, after he criticised this book, was removed from his post yesterday. Instead of removing the books, you remove the critics! Instead of removing the books...*(Interruptions)*...

SOME HON. MEMBERS: Shame; shame...*(Interruptions)*...

SHRI EDUARDO FALEIRO: Will the Government remove these books and restore the Chairman of ICHR?

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: The Government is neither going to remove these books nor going to restore the Chairman of ICHR.

SHRI EDUARDO FALEIRO: All authors should be entitled to copy under the new system...*(Interruptions)*...

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: What is the reason for removing the Chairman of ICHR?...*(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I want to say one thing. In this House we put questions which are related to policy matters, not of individuals. Please put questions on policy matters. I request Shrimati Sarla Maheshwariji...*(Interruptions)*...No; no. ...*(Interruptions)*... I have asked Shrimati Sarla Maheshwariji to put the question.

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** माननीय उपसभापति महोदया, अभी अभी हमारे मानव संसाधन विकास मंत्री जी ने जो उत्तर दिया, उस उत्तर को सुनकर मुझे लगता है कि मुझे ही नहीं बल्कि पूरे सदन को निराशा हुई होगी। ...(व्यवधान)... अगर नहीं हुई, तो अच्छी बात है।

उपसभापति महोदया, मै आपको जरूर इसमें शामिल करना चाहूंगी। हकीकत यह है कि अभी अभी दो दिन पहले हम बाल चार्टर पर चर्चा कर रहे थे और मंत्री जी ने उस पर बात करते हुए, अपने विचारो को रखते हुए इस बात को बड़ी शिद्दत के साथ रखा था कि हमें बच्चों के भविष्य के विकास को मद्देनजर रखते हुए उनको उचित शिक्षा देने की ओर पूरा ध्यान देना चाहिए। जब शिक्षा की बात होती है, उपसभापति महोदया, तो मैं मंत्री जी से यह जानना चाहती हूं कि आखिर शिक्षा का उद्देश्य क्या है? अगर हम अपने बच्चों को शिक्षा देते हैं तो उन्हें अंधकार

से प्रकाश की ओर लाते है, वस्तुस्थिति के बारे में, इतिहास के बारे में सही जानकारी देते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से हमारा मानव संसाधन मंत्रालय लगातार अपनी गतिविधियों से विवाद के घेरे में आता रहा है और हमारे इतिहास से संबंधित, शिक्षा से संबंधित, संस्कृति से संबंधित तमाम संस्थाओं का जिस तरह विकृतिकरण किया गया है ...(**व्यवधान**)...

**प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा:** मैडम, आपका सवाल क्या है?

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मेरा सवाल बहुत सीधा है। उपसभापति महोदया, मैं नहीं चाहती कि मंत्री जी उसी तरह सीधे उठकर जवाब दे दें कि हम न तो अध्यक्ष को बहाल करेंगे और न किताबों को वापस लेंगे। आपकी किताबें किस लिए हैं? इन किताबों को अगर आप देखें, मैं आपको तथ्य बताना चाहूंगी। मंत्री जी ने कहा कि यह कोई शिक्षा नहीं है, साहित्य नहीं है, तथ्यों को हमने लिया है। अगर तथ्यों को ही आपने लिया है, तो इन तथ्यों को आप देखें। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में ...(**व्यवधान**)...मैं स्पीच नहीं दे रही हूं, शिक्षा के बारे में बात कर रही हूं। मैं उद्धृत करके आपके सामने रखना चाहती हूं किताबों के बारे में। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** आप कौन सी किताब के विषय में यह बोल रही हैं?

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मैडम, ये तमाम किताबें जो आज मोडर्न इंडिया की हैं। आप देखिए, क्या क्या वाक्य लिखे हैं? हमारे बच्चों को किस तरह के तथ्य दिए गए हैं? गलत तथ्य। मैं आपको बताना चाहती हूं और मंत्री जी के ध्यान में भी लाना चाहती हूं। इस मोडर्न इंडिया के पृष्ठ 248 पर लिखा गया है, आप देखें, इसमें कहा गया है—पंजाब के लेफ्टिनेंट गवर्नर जनरल डायर को 1940 में उड़ा दिया गया, जबकि तथ्य यह है कि डायर की मृत्यु 1927 में हो गई थी दिमाग की नसें फटने से और जिस लेफ्टिनेंट गवर्नर को गोली से उड़ाया गया वे जनरल डायर नहीं, माइकल थे। इसमें आगे विद्वान लेखक बताते हैं सावरकर ...(**व्यवधान**)

**उपसभापति:** मंत्री जी बता रहे हैं करेक्शन हो चुका है।

**डा॰ मुरली मनोहर जोशी:** आप नई किताबें पढ़ नहीं रही हैं। यही अज्ञान है, जो मैं बताना चाहता हूं। इसी आधार पर ये बातें कर रहे हैं। यह तो बहुत पहले प्रश्न उठ गया था और उसमें जो प्रिंटिंग मिस्टेक थी सन् वगैरह की, वह ठीक कर दी गई है।

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मैडम, सन् की बात नहीं है। आप यह बताइए कि क्या यह सन् की बात है? मैं इतिहास से संबंधित तथ्यों को उद्धृत कर रही हूं और इतिहास से संबंधित भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद् के अध्यक्ष एस.जी. नारायणन को आपने हटाया। उसका क्या कारण था? क्या यह सदन नहीं जानना चाहेगा? इसलिए जानना चाहेगी क्योंकि उन्होंने कहा है कि मुझे इसलिए हटाया गया है क्योंकि मैंने एनसीईआरटी की किताबों की आलोचना की और मैं लगातार इस मंत्रालय के दवाब के विरुद्ध काम करता रहा हूं, जो मंत्रालय एक खास विचारधारा को तमाम विभागों में आवंटित करना चाहता था। इस तथ्य में क्या सच्चाई है मंत्री जी बताएं?

**डा० मुरली मनोहर जोशी:** महोदया, मैं उन सारी बातों को सदन के सामने रख सकता हूं, जिनके आधार पर आईसीएचआर के अध्यक्ष को हटाया गया। जब भी कोई अध्यक्ष किसी अनियमितता के लिए हटाया जाता है तो वह आरोप लगा देता है कि मेरे ऊपर यह हो रहा है, मेरे ऊपर वह हो रहा है। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** महोदया, मैं ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** देखिए, सरला जी, जब मंत्री जी जवाब दे रहे हैं तो सुन तो लीजिए।

**डा० मुरली मनोहर जोशी:** महोदया, मैं शांति से इनकी बात सुन रहा था। मेरे साथ मुश्किल यह है कि मेरे पास फेफड़े में इतनी ज्यादा ताकत नहीं है, जितनी कि हमारे और अन्य मैम्बरों के फेफड़ों में है। मेरे पास ताकत दिमाग में है, इसलिए मैं उस तरह से बात करता हूं। सवाल यह है कि किसी भी अध्यक्ष को क्यों हटाया गया, क्यों नहीं हटाया गया, इसके पीछे सारे कारण होते हैं। जांच-पड़ताल करके उनको हटाया गया, इसलिए नहीं कि वे हमारा विरोध कर रहे थे। वे जब विरोध कर रहे थे, उसको कई महीने हो गए, उसका हम कोई संज्ञान नहीं लेते क्योंकि वह उनकी ऐकेडिमिक स्वतंत्रता है कि वे किसी पुस्तक के बारे में, किसी विचार के बारे में कुछ भी कह सकते हैं। हम इनको नहीं रोकते, ये अनेक प्रकार की बातें बोलते रहते हैं, हमने कभी इनको मना नहीं किया। गलत पढ़ाते रहते हैं पश्चिम बंगाल में, हमने कहा भी कि गलत पढ़ा रहे हो और पुस्तकें दिखाई, लेकिन यदि वे पढ़ाना ही चाहते हैं तो मैं क्या करूं। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** पश्चिमी बंगाल में आपकी दाल गलने वाली नहीं है। ...(**व्यवधान**)... पश्चिमी बंगाल का नाम हर समय लिया जाता है। ...(**व्यवधान**)...

**डा० मुरली मनोहर जोशी:** यहां तक कहा गया कि एनसीईआरटी की पुस्तकों में से जो गलत बातें थीं, वे निकाल दी गईं, हम वह नहीं पढ़ाएंगे। यह तो सरकार का अधिकार है कि वह अपने बच्चों को गलत पढ़ाना चाहती हैं तो खूब गलत पढ़ाए, मैं किसी सरकार को अपने बच्चों को गलत पढ़ाने से रोक नहीं सकता, उनको सुझाव दे सकता हूं कि गलत न पढ़ाएं। ...(**व्यवधान**)... मैं बहुत सी बातें सदन में रख चुका हूं, फिर रख सकता हूं। इस पर फिर बहस हो सकती है, मैं पूरे एक दिन की चर्चा कर सकता हूं कि पश्चिमी बंगाल में क्या पढ़ाया जा रहा था और क्या-क्या किया जा रहा था। मैं बता सकता हूं उसको लेकिन उसे सुनने के लिए आपको तैयार रहना चाहिए। लेकिन जब ये सारी बातें होती हैं तो उस दिन सदन से उठकर भाग जाते हैं। इसी सदन में उसके ऊपर बहस हो चुकी है। क्या-क्या विकृतियां की गई हैं, वे मैं बताना चाहता हूं। अब तो वहां स्वयं इनकी सरकार ने यह आदेश दिया है कि हम पुस्तकों का पुनरीक्षण करेंगे और हां उसमें गल्तियां थीं, यह माना जा रहा है। ...(**व्यवधान**)... प्रक्रिया के अंतर्गत ही हम भी करते हैं सारे काम। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभापति:** आप लोग जवाब तो सुनिए, आप अगर कांटिन्युअसली बोलेंगे तो कुछ भी सुनाई नहीं देगा।

**डा॰ मुरली मनोहर जोशी:** इसलिए ऐसा कुछ नहीं है। इस पुस्तक के बारे में समझ लीजिए कि इस पर इन्हीं मित्रों के सहयोग से किसी एक ग्रुप ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी जिसके आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने पुस्तक का प्रकाशन रोक दिया था कि जब तक हम मामले का निबटारा न कर लें तब तक आप कोई पुस्तक प्रकाशित नहीं करेंगे। अक्तूबर के शुरू में निर्णय आया कि अब आप पुस्तक प्रकाशित कर सकते हैं। पुस्तक प्रकाशित हुई, अक्तूबर के अंत तक आ गई, उसमें कुछ प्रकाशन की त्रुटियां रह गईं, जिनको ठीक कर दिया गया। अब यह कहा जा रहा है कि ये गलत तथ्य हैं। लेकिन मुझे यह बताया जाए कि नील नदी समुद्र से निकलकर झील में गिरती थी, यह जो 20 साल से पढ़ाया जा रहा था, इसको क्यों नहीं ठीक किया गया? यह जो गलती होती है, उस गलती को मानने को तैयार नहीं है कि यह गलती है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जिक्र नहीं है वहां पुस्तकों में। लेनिन को भारत की स्वाधीनता का उद्गम बताया जा रहा है। यह पढ़ाया जा रहा है बरसों से वहां। वहां पर गांधी जी के बारे में क्या-क्या लिखा गया, उसको देख लें। ...**(व्यवधान)**...

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मैडम, ये सारी एक तरफा बातें...**(व्यवधान)**...

**डा॰ मुरली मनोहर जोशी:** बहुत आनन्ददायक पुस्तकें हैं वहां। टाइम्स ऑफ इंडिया मे प्रथम पृष्ठ पर यह छापा गया था कि यह बताइए कि द्वितीय विश्व युद्ध कैसे शुरू हुआ, उसके कारण बताए गए थे और किसका प्लूरल क्या है, यह मैं सब बता सकता हूं, वह सब छप चुका है। बच्चे वहां पढ़ रहे होंगे तभी तो बता रहे होंगे। लिख रहे थें वहां उत्तर पुस्तकों में। ये सब बातें वहां हो रही थीं, जिनको हम प्वाइंट-आउट करते हैं, बताते हैं कि आप गलत साहित्य पढ़ा रहे हैं, गलत इतिहास पढ़ा रहे हैं, लेकिन उसकी तरफ ध्यान नहीं देते। अच्छा है कि उधर ध्यान दिया जाए, बजाए इसके कि आप छोटी-मोटी बातों पर यहां ...**(व्यवधान)**...

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मैडम, ये जो बोल रहे हैं...**(व्यवधान)**...

**उपसभापति:** सरला जी, यह कोई तरीका नहीं है।...**(व्यवधान)**...

**श्री ए॰ विजय राघवन:** यह तरीका ठीक है जो ये कह रहे है? ...**(व्यवधान)**...

**उपसभापति:** आप बैठिए, बैठ जाइए। This is not the Zero Hour...*(Interruptions)*... I will move to another question...*(Interruptions)*... Now, I move to another question, Shahid Siddiqui...*(Interruptions)*... No; I am not allowing you...*(Interruptions)*.... बैठिए, बैठ जाइए। ...**(व्यवधान)**...

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मैडम, पश्चिमी बंगाल की पुस्तको में क्या पढ़ाया जा रहा है ...*(व्यवधान)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down...(*Interruptions*)... छोड़िए, आप बैठिए। बैठ जाइए। ...(व्यवधान)... आप बैठ जाइए, मैने श्री शाहिद सिद्दिकी को बुलाया है। सरला जी बैठिए। आप बैठिए, शाहिद सिद्दिकी जी को मैंने बुलाया है...(व्यवधान)... प्लीज सरला जी, बैठिए, बैठिए...(व्यवधान)...Let Shri Shahid Siddiqui speak...(*Interruptions*)

**श्रीमती सरला माहेश्वरी:** मैडम, रिकॉर्ड में इस तरह की बातें नहीं जानी चाहिए। ये एकतरफा बातें हैं, ये रिकॉर्ड में नहीं जानी चाहिए...(**व्यवधान**)

SHRI EDUARDO FALEIRO: The only thing that the new book does is abuse...(*Interruptions*)...

**شری شاہد صدیقی:** میڈم، اِتہاس کی اس کتابوں میں نہ صرف یہ کہ plagiarism کی بڑی بھونڈی مثالیں ہیں، ساتھ ہی بہت ہی گندے طریقے سے اِتہاس کو توڑ مروڑ کر پیش کیا گیا ہے۔ خاص کر راشٹریہ آندولن میں جو minorities ہیں، خاص طور پر جو مسلمان ہیں، ان کا جو یوگدان ہے، اس کو بہت ہی غلط طریقے سے پیش کیا گیا ہے۔ جس طرح سے وہ آنا چاہئے تھا، وہ نہیں آیا ہے۔ چاہے مولانا ابوالکلام آزاد کی بات ہو، چاہے خان عبدالغفار خان کا سوال ہو، چاہے محمد علی جوہر کا سوال ہو، ان سب کو نظر انداز کیا گیا ہے۔ اس لئے میں آپ کے مادھیم سے منتری جی سے جاننا چاہوں گا کہ کیا کوئی کمیٹی بنائیں گے؟ مسلسل صرف یہی کریٹی سزم نہیں آیا ہے کہ اس میں نقل ہوئی ہے، بلکہ یہ بھی آیا ہے کہ facts کو distort کیا گیا ہے۔ اس کے لئے کیا آپ کوئی ایسی کمیٹی بنائیں گے جو ان کتابوں کو دوبارہ سے دیکھے اور ان میں جو corrections ہونے چاہئیں، وہ کرے، ورنہ اس دیش کا اور آنے والی نسلوں کا بہت نقصان ہوگا۔

†**श्री शाहिद सिद्दिकी:** मैडम, इतिहास की इन किताबों में न सिर्फ यह कि प्लेज्यरिज़्म की बड़ी भौंडी मिसालें हैं, साथ ही बहुत ही गंदे तरीकें से इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है—खासकर राष्ट्रीय आंदोलन में जो माइनारिटीज हैं, खास तौर पर जो मुसलमान हैं, उनका जो योगदान है, उसको बहुत ही गलत तरीके से पेश किया गया है। जिस तरह से वह आना चाहिए था, वह नहीं आया है। चाहे मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की बात हो, चाहे खान अब्दुल गफ्फार खान का सवाल हो, चाहे मोहम्मद अली जाहर का सवाल हों, इन सबको इग्नोर किया गया है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या कोई कमेटी बनाएंगे? मुसलसल सिर्फ यही क्रिटिसिज्म नहीं आया है कि इसमें नकल हुई है, बल्कि यह भी आया है कि फैक्ट्स को डिस्टार्ट किया गया है। इसके लिए क्या आप कोई ऐसी कमेटी बनाएंगे जो इन किताबों को

†Transliteration of Urdu Speech.

दोबारा से देखे और इनमें जो करैक्शन्स होने चाहिए, वह करे, वरना इस देश का और आने वाली नस्लों का बहुत नुकसान होगा।

**डा॰ मुरली मनोहर जोशी:** उपसभापति महोदया, मैं सम्मानित सदस्य से यह निवेदन करूंगा कि जिसको वह डिस्टार्शन समझते हैं, वह मुझे बताएं, मैं उसे एन॰ सी॰ ई॰ आर॰ टी॰ को प्रेषित कर दूंगा। अगर डिस्टार्शन है तो वह दूर होगा। लेकिन सिर्फ इसलिए कि वे कह रहे हैं या कोई आदमी कह रहा है या अखबार छाप रहा है, उसको हम डिस्टार्शन नहीं मानते। आप हमें तफसीलवार बताएं और अगर उसमें कहीं डिस्टार्शन होगा तो उसको दूर किया जाएगा। मैं हमेशा इस हाऊस में कहता रहा हूं कि कोई डिस्टार्शन नहीं होगा। हम सच्चा इतिहास लिखना चाहते हैं, इसलिए बहुत से लोगों को तकलीफ होती है लेकिन अगर कहीं भी मौलाना साहब के बारे में, खान साहब के बारे में, किसी रिस्पेक्टड लीडर आफ इंडियाज़ नेशनल फ्रीडम मूवमेंट के बारे में अगर कोई डिस्टार्शन है तो मैं उसको तत्काल सही कराने के आदेश एन॰सी॰ई॰आर॰टी॰ को दे दूंगा लेकिन सिर्फ जुबानी नहीं, मुझे लिखकर बताएं कि यह-यह डिस्टार्शन है, मैं उसे ठीक करा दूंगा।

[illegible]

†**श्री शाहिद सिद्दिकी:** मैडम, इस पर डिस्कशन होना चाहिए।

**उपसभापति:** आप लिखकर दे दीजिए, अगर समय होगा तो चेयरमैन साहब से पूछ लेंगे।

SHRI ROBERT KHARSHIING: Madam Deputy Chairperson, may I know from the hon. Minister whether this is the policy of the Government now? This is a very serious issue, Madam. Even when I was in the University, I could see students doing M.Phil. and Ph. D. copying on a large scale from libraries and then claiming their degrees. Now, is it the policy of the Government to justify, to legitimise it, in the name of so-called facts? Facts can be seen by the Americans in one way, but the same facts might seem different from our point of view. And without checking out these facts, I don't think it is right if the Government now says that it is okay; and if the Head of the Ministry says so, it is a very serious matter. Also, Madam, if we could have a discussion on this, we could do that.

**डा॰ मुरली मनोहर जोशी:** उपसभापति महोदया, यह बात बिल्कुल सही है कि बहुत से विश्वविद्यालयों में इस प्रकार की डी॰ फिल थीसिसें पाई गई हैं, जिसे उन्होंने लाइब्रेरी की पुस्तकों से निकालकर रखा है। इसके बारे में हमने बड़ी गंभीर चिंता व्यक्त की है। कई बार लोग ऐसे ही अखबारों में लिख देते हैं, उनकी आदत वैसी है और फिर यहां पर सवाल खड़े हो जाते हैं। मैं

†Transliteration of Urdu Speech.

आपको स्पष्ट करना चाहता हूं कि डीफिल, डी लिट्, पी एच॰ डी॰, एम॰ फिल॰, इन सबकी क्वालिटी बढ़ाने के लिए सरकार बहुत सतर्क है और हम इस मामले में पूरी सावधानी बरत रहे हैं कि हमारी थीसिस की क्वालिटी, हमारी डिग्री की क्वालिटी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्य हो और उसमें हम कोई समझौता नहीं करेंगे। बल्कि कई बार हमारे इस आग्रह से और हमारी सख़्ती से बहुत से लोगों को तकलीफ होती है। इन्होंने यह बहुत महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि जो अमेरिकन्स की निगाह में ठीक है, जरूरी नहीं कि वह हमारी निगाह में भी ठीक हो। इसी तरह से जो कार्ल मार्क्स की निगाह में ठीक है, जरूरी नहीं कि वह हमारी निगाह में भी ठीक हो। जो हमारी निगाह है, वह क्या कहती है, मैं वह करना चाहता हूं। हिंदुस्तान का इतिहास और दुनिया का इतिहास, हिंदुस्तान की नज़र से क्या है, वह देखा जाना चाहिए और वही इतिहास लिखने का ढंग और वही इतिहास लिखने की परंपरा हम लाना चाहते हैं। हम एक्स या वाई, उस मुल्क या इस मुल्क के नजरिए से हिंदुस्तान या दुनिया का इतिहास नहीं लिखना चाहते हैं। बल्कि हम अपने मुल्क को अपनी नज़र से और दुनिया को अपनी नज़र से देखना चाहते हैं। फिर हम देखेंगे कि हमारी और उनकी नज़रों में कितना फर्क है और कौन सी बेहतर है— यह हमारी पॉलिसी है।

SHRI VAYALAR RAVI: Madam Deputy Chairperson, the hon. Minister was replying, showing historical books and everything, and talking about the summary removal of the Chairman of the Indian Council of Historical Research. Also, while doing so, the hon. Minister has talked about the irregularities. I don't want to go into a debate. My question is very simple. Before removing a person before the stipulated tenure, when you are making an allegation of irregularities, I would like to know from the hon. Minister whether the Ministry has received any correspondence with regard to the irregularities. If the Ministry has received any reply, and if then you are not satisfied, you can justify your answer and your claim. I would like to know if any such correspondence has been received, because you are making allegations against a person of high reputation. He happens to be a Keralite. So, I would like to know whether any such correspondence has been received and if so, whether you will place it on the Table of the House. Let the Members know the irregularities that have been done by the former Chairman, Prof. Narayanan.

THE DEPUTY CHAIRMAN: We never discuss such things in the House because the Government, in their process...(*Interruptions*)

SHRI VAYALAR RAVI: Madam, they have made an allegation against Mr. Narayanan.

THE DEPUTY CHAIRMAN: There are many allegations.

SHRI VAYALAR RAVI: It would appear tomorrow in every walk of media.

THE DEPUTY CHAIRMAN: But, we never discuss such things ...(*Interruptions*). See I have to also protect the House. A person is removed from the Chairmanship. If we are going to discuss it in the House, there will be no end to it. So, we cannot do it. Now, Shri Janeshwar Mishraji.

**श्री जनेश्वर मिश्र:** मैडम, यह दुर्भाग्य की बात है कि मानव संसाधन विकास मंत्री जी ने कुछ उत्तेजना और गुस्से में आकर के एक राज्य सरकार को यह कहा कि वहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं पढ़ाए जाते, उनको तवोज्जह नहीं दी जाती। उत्तेजना हम लोग विपक्ष से दिखाएं तो यह हमारा धर्म है। यह सही है कि मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय पेशे से अध्यापक रहे हैं और बच्चों पर गुस्सा करते होंगे। लेकिन ये सदन में गुस्सा करें, तो मैं हाथ जोड़ कर इनसे प्रार्थना करूंगा कि हम लोगों पर गुस्सा न करें, अकेले में डांट लिया कीजिए, लेकिन सदन में नहीं। और गुस्सा करते समय नेता जी को घसीट लिया जाए और उसके बाद इधर से कहा कि आप गांधी जी को तवोज्जह नहीं देते। यह दोनों रिकार्ड पर आ गया है और यह गंभीर मामला हो गया है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और महात्मा गांधी हम लोगों के बहुत पूजनीय हैं और शायद हम हिन्दुस्तानियों के तो बहुत पूजनीय और दुनिया के मानवता के पूजनीय हैं यह शब्द आ गया है। यह सही है कि कुछ हेराफेरी होती है कोर्स की किताबों में। एक बार हमने कहा था हमको याद आ रहा है कि प्रेमचन्द की किताब बदल की गई और एक महिला जो आर॰एस॰एस॰ के कार्यकर्ता की पत्नी थी उसकी किताब लगा दी गई। वह किताब बहुत घटिया किस्म की है। बच्चों को पढ़ाने में इस तरह से बातें करके प्रेमचन्द हटा दिए जाएं, टैगोर हटा दिए जाएं और उनके बदले में एक नवसीखिए को रख दिया जाए। मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय ने कहा था, मैंने अखबार में पढ़ा था उन्होंने यहां नहीं कहा था कि प्रेमचन्द जी को नहीं हटाया जाएगा। लेकिन यह कहीं न कहीं घपला हो रहा है और इस घपले के बारे मे मंत्री जी विद्वान आदमी हैं इनको सतर्क निगाह रखनी चाहिए और कोई कार्रवाई करनी चाहिए।

**डा॰ मुरली मनोहर जोशी:** महोदया, मेरे संबंध में माननीय संसद सदस्य ने एक बात कही कि मैं बच्चों पर शायद गुस्सा करता रहा हूं। मैंने बच्चों पर कभी गुस्सा नहीं किया। हमारे विश्व विद्यालय के छात्र रहे हैं जनेश्वर मिश्र जी, मैंने कभी उन पर गुस्सा नहीं किया। मैं जो कुछ करता हूं वह सार्वजनिक रूप से करता हूं अकेले में डांटू, यहां प्यार दिखाऊं यह मेरी आदत में नहीं है। अगर गुस्सा करना है तो यहां भी करूंगा, अगर नहीं करना है तो वहां भी नहीं करूंगा। मैंने गुस्से

में नहीं कहा, चूंकि आवाज बड़ी तेजी से कही जा रही थी इसलिए मैंने भी थोड़ी कोशिश की कि आवाज तेज करूं। मैंने गुस्सा बिल्कुल नहीं किया।

**श्री जनेश्वर मिश्र:** आपने नेताजी को कह दिया।

**डा॰ मुरली मनोहर जोशी:** हां, मैंने कहा है, जो मैंने कहा है वह उन्हें जानते हैं। मैंने पुस्तकों के बारे में उल्लेख किया और सरकार वहां अपनी किताबों का पुनरीक्षण करवा रही है। उन्होंने आदेश दिए हैं कि वे पुस्तकों की जानकारी लेंगे। हमने बार-बार इस सदन में यह कहा है और लोक सभा में भी यह कहा है कि क्या विकृतियां वहां को पुस्तकों में थीं। इसलिए वह गुस्से की बात नहीं है और न ही वह पहली बार बात कही गई है। जहां तक इसका सवाल है, मैंने इसी सदन में कहा था और प्रेमचन्द जी की पुस्तक भी बहाल की जा चुकी है। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि इन मामलों में गंभीरता के साथ और सत्य को सामने रख करके ही बात की जानी चाहिए क्योंकि यह नाजुक मसला है। हमने तमाम किताबें छापी हैं। मैं आपको बताऊं कि अभी तक एन॰सी॰ई॰आर॰टी॰ की पुस्तकें कभी दो करोड़ से ज्यादा नहीं छपी थीं। इस साल 6 करोड़ पुस्तकें छपी हैं। इसीलिए छपी हैं क्योंकि उनकी मांग है और उनके बारे में स्वीकृति है। मैं यह क्लेम करता हूं कि दुनिया में कहीं भी इस गुणवत्ता की इस क्वालिटी की पुस्तक इतनी सस्ती और इतनी अच्छी नहीं बनी है। मेरे पास अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ आते हैं। उन्होंने कहा कि हम गरीब देशों को अच्छी क्वालिटी की और कीमत में सस्ती पुस्तकें देना चाहते हैं, हम उसके लिए प्रयत्न कर रहे हैं, तो आप अपनी पुस्तकें दिखाइए। जब मैंने अपनी पुस्तकें उन्हें दिखाई तो मैंने उनसे पूछा कि आप अगर इस क्वालिटी की किताबें छापेंगे तो इसका क्या दाम होगा? उन्होंने कहा 10 डालर, 15 डालर, 20 डालर और हमने कहा कि हमारी किताब का दाम एक डालर, सवा डालर और कुछ किताबों का दाम आधा डालर है। वे बड़े आश्चर्यचकित हुए कि इस क्वालिटी की पुस्तकें हम छाप रहे हैं, इनकी मान्यता है, ये पढ़ाई जा रही हैं, ये बिक रही हैं। अगर कुछ लोगों को उसमें कहीं त्रुटि नजर आती है तो वे उसे हमारे सामने लायें। इसके बारे में मैंने खुले तौर पर कहा है। मेरा यह निश्चित मत है कि बच्चों को गलत बात नहीं पढ़ाई जानी चाहिए। जब कभी भी गलती सामने लायी जायेगी, जिस दिन भी लायी जायेगी, उसे हम उसी वक्त सुधारेंगे। लेकिन गलती कोई लाते नहीं हैं।

## सूखा प्रभावित क्षेत्रों में काम के बदले अनाज कार्यक्रम

*165. **श्री मोती लाल वोरा:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए काम के बदले अनाज योजना के अंतर्गत प्रभावित परिवार में से केवल एक व्यक्ति को ही कार्य देने का निर्णय लिया है;